अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 का कार्यालय
बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना, बिहार।

दिनांक– 16.10.2026 को सम्पन्न निविदा तकनीकी मूल्याकंन समिति की बैठक की कार्यवाहीः–

बैठक में, पटना प्रमंडल के अन्तर्गत, पटना जिलान्तर्गत पुलिस केन्द्र में 39 क्षमता के 03 मॉडल ट्रेनिंग क्लास रूम (G+1), फर्नीचर एवं आधारभूत संरचना सहित निर्माण कार्य के लिए आमंत्रण सूचना सं0–42/एस0बी0डी0/2025–26 के ग्रुप सं0–05 द्वारा आमंत्रित निविदा के अंतर्गत प्राप्त निविदाओं का तकनीकी बीड का मूल्यांकन निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति द्वारा दिनांक 16.10.2026 को किया गया।

1. उपस्थितिः–
   1. श्री सपलेश्वर मंडल, अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01, मुख्यालय, पटना – अध्यक्ष
   2. श्री हेमंत कुमार, मुख्य लेखा पदाधिकारी, मुख्यालय, पटना – सदस्य
   3. श्री शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, तकनीकी सलाहकार, कार्य अंचल–01, मुख्यालय, पटना – सदस्य
   4. श्री मनोज कुमार, कार्यपालक अभियंता, पटना प्रमंडल, पटना – सदस्य

2. निविदा के संबंध में विवरणः–

2.1	कार्य का नाम	–	पटना जिलान्तर्गत पुलिस केन्द्र में 39 क्षमता के 03 मॉडल ट्रेनिंग क्लास रूम (G+1), फर्नीचर एवं आधारभूत संरचना सहित निर्माण कार्य।
2.2	प्रमण्डल का नाम	–	पटना प्रमंडल, पटना।
2.3	राज्यादेश की राशि एवं प्रसंग	–	रू0–4,65,85,400/– ज्ञापांक 06/योजना–01–58/2025गृ०आ०12695/पटना, दिनांक 04.10.2025
2.4	आंतरिक प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	–	रू0–3,76,11,900/– एच0क्यू0 1877(अनु0), दिनांक–05.06.2026
2.5	तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग	–	रू0–3,51,51,300/– ज्ञापांक– अभि0 611 पटना, दिनांक 08.07.2026
2.6	परिमाण विपत्र की राशि	–	रू0–3,49,20,090/–
2.7	निविदा की प्रक्रिया	–	e-tender (SBD)
2.8	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	–	19.06.2026
2.9	कार्य समाप्ति की अवधि	–	12 माह
2.10	प्राप्त निविदा की संख्या	–	06 (छः अदद) यथा 1. Avednex Pvt. Ltd. 2. P.R. Enterprises 3. Rajiv Kumar 4. JMD Enterprises 5. Bipin Buildtech Pvt. Ltd.
2.11	प्राप्त निविदा पुनर्निविदा है या नहीं	–	पुनर्निविदा नहीं है।

3. तकनीकी बीड का मूल्याकंनः–

3.1 ई0–निविदा सूचना संख्या– 42/एस0बी0डी0/2025–26 के ग्रुप सं0–05 में 05 (पाँच अदद) निविदाकार यथा **1. Avednex Pvt. Ltd. 2. P.R. Enterprises 3. Rajiv Kumar 4. JMD Enterprises** एवं **5. Bipin Buildtech Pvt. Ltd.** द्वारा भाग लिया गया है।

3.2 निविदा में प्रतिभागी पाँच निविदादाताओं में से दो निविदाकार यथा **1. JMD Enterprises** एवं **2. Bipin Builtech pvt ltd.** द्वारा BG के रूप में अग्रधन की राशि जमा किया गया है जिसका सत्यापन करा लिया गया है। एक निविदाकार 3. **Avednex Pvt. Ltd.** द्वारा अग्रधन की राशि चालान के माध्यम से जमा किया गया है जो WIP में प्रदर्शित है, तथा शेष निविदाकार क्रमशः 1. **P.R Enterprises** एवं 2. **Rajiv Kumar** द्वारा IPG के माध्यम से अग्रधन की राशि जमा किया गया है।

3.3 निविदा में प्रतिभागी सभी निविदादाताओं के कार्यानुभव प्रमाण–पत्र का सत्यापन प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले कार्यालय से कराया जा रहा है।

3.4 प्रतिभागी निविदाकारों के तकनीकी बीड की समीक्षोपरान्त स्थिति निम्नवत् पायी गयी है:–

1. **Avednex Pvt. Ltd.-** इनके द्वारा समर्पित कागजात निविदा शर्तों के अनुरूप नहीं पाया गया है। निविदा के साथ केवल GST का पेपर समर्पित है, एवं अन्य कोई कागजात यथा अनुभव प्रमाण पत्र Similar Nature आदि SBD की कंडिका ITB Cl.4.5 (A)(b), 4.5 (A)(c),4.5(B)(a) एवं ITB 4.5(B)(b) के अनुरूप समर्पित नहीं है। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा अग्रधन की राशि WIP में प्रदर्शित है।
2. **P.R. Enterprises -** इनके द्वारा तकनीकी बीड के साथ मात्र **03 (तीन)** वर्षों का Financial Statement संलग्न किया गया है जो e-NIT की कंडिका 33 एवं ITB Clause 4.5 (A)(a) के अनुरूप **05 (पाँच)** वर्षों का नहीं है।
3. **Rajiv Kumar -** इनके द्वारा तकनीकी बीड के साथ अर्हता संबंधी सभी वांछित कागजात संलग्न किया गया है।
4. **JMD Enterprises -** इनके द्वारा तकनीकी बीड के साथ अर्हता संबंधी सभी वांछित कागजात संलग्न किया गया है।
5. **Bipin Buildtech Pvt. Ltd. -** इनके द्वारा तकनीकी बीड के साथ अर्हता संबंधी सभी वांछित कागजात संलग्न किया गया है।

4. <u>निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति का निर्णयः–</u>

4.1 निविदा में प्रतिभागी निविदाकार

1. **Avednex Pvt. Ltd.-** तकनीकी बीड की अर्हता को पूरा नहीं करते हैं।
2. **P.R. Enterprises** - तकनीकी बीड की अर्हता को पूरा नहीं करते हैं।
3. **Rajiv Kumar -** तकनीकी बीड की अर्हता को पूरा करते हैं।
4. **JMD Enterprises-** तकनीकी बीड की अर्हता को पूरा करते हैं।
5. **Bipin Buildtech Pvt. Ltd. -** तकनीकी बीड की अर्हता को पूरा करते हैं।

4.2 निविदा तकनीकी मूल्यांकन समिति के उपर्युक्त निर्णय को निगम के वेबसाईट पर प्रदर्शित करने के साथ–साथ निविदाकार को उनके e-mail से सूचित किया जाय।

4.3 तकनीकी बीड के उपरोक्त निर्णय के विरूद्ध 05 (पाँच) दिनों अर्थात् दिनांक 21.10.2026 को अपराहन 04:00 बजे तक आपत्ति दर्ज की जा सकती है। उक्त कार्यावधि में कोई दावा/आपत्ति या परिवाद प्राप्त नहीं होने पर समिति के उपरोक्त मूल्यांकन के अनुसार अग्रेतर कार्यवाही करने की अनुशंसा कर दी जायेगी।

कार्यपालक अभियंता	तकनीकी सलाहकार	मुख्य लेखा पदाधिकारी	अधीक्षण अभियंता
पटना प्रमंडल, पटना	कार्य अंचल–1	मुख्यालय, पटना	कार्य अंचल–1